हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी देश की आर्थिक और सामरिक शक्ति में समुद्री क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और भारत इसे मजबूत बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। कोलकाता में कल स्वदेश निर्मित तीन नौसैनिक पोतों- दूनागिरी, संशोधक और अग्रय को नौसेना में शामिल करने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और केवल हथियारों का खरीददार देश बनकर नहीं रहना चाहता।

आज भारत रक्षा क्षेत्र में केवल खरीदार बनकर नहीं रहना चाहता। हमारी सैन्य शक्ति दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती है। मेरी शक्ति की सामर्थ्य की पहचान मेरी आत्मनिर्भरता पर है।

श्री मोदी कहा कि समुद्री सामर्थ्य के बिना कोई भी देश वैश्विक शक्ति नहीं बन सकता। विकास, सुरक्षा और समृद्धि का सीधा संबंध समुद्र से है। श्री मोदी ने कहा कि आईएनएस विक्रांत से शुरू हुई आत्मनिर्भरता की यात्रा को इन नए पोतों के शामिल होने से और गति मिलेगी।

आईएनएस विक्रांत से लेकर आज तक की यात्रा केवल नए युद्धपोतों की यात्रा नहीं है। यह भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता की यात्रा भी है। इनका निर्माण भारत में हुआ है। इनकी डिज़ाइन भारत में तैयार हुई है। इनके निर्माण में भारतीय उद्योगों की प्रतिभा लगी है और यही नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में 40 से अधिक युद्धपोत और पनडुब्बियां नौसेना में शामिल की गई हैं।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 को वैश्विक उत्सव बनाने के लिए विश्व भर के लोगों का आभार व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि योग सभी क्षेत्रों और विभिन्न देशों के लोगों को स्वस्थ जीवन तथा कल्याण की साझा खोज में एकजुट कर रहा है।

****

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी- एनटीए ने नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के दावे को खारिज किया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में प्रश्न पत्र टेलीग्राम पर लीक होने का दावा किया गया था। एनटीए ने कहा है कि परीक्षा पुनर्परीक्षा कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच सफलतापूर्वक आयोजित की गई। देशभर के 5 हजार 440, जबकि विदेश के 14 केंद्रों पर 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं के अंकों के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के परिणाम जारी करने शुरू कर दिए हैं। बोर्ड के अनुसार 87 प्रतिशत से अधिक आवेदनों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं, जबकि शेष परिणाम जल्द ही जारी किए जाएंगे।

****

स्विट्जरलैंड में अमरीका और ईरान के बीच वार्ता समाप्त होने के बाद आज कच्चे तेल की वैश्विक कीमत में तीन प्रतिशत तक की तीव्र गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की अंतर्राष्ट्रीय कीमत प्रति बैरल में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ लगभग 79 डॉलर पर आ गई। इससे आपूर्ति बाधा को लेकर चिंताएं समाप्त होने और ईरान के तेल निर्यातों में वृद्धि की आशा बढ़ गई है।

अमरीका और ईरान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पश्चिम एशिया में नाज़ुक संघर्ष विराम को बढ़ाने तथा तनाव को कम करने पर केंद्रित पहले दौर की वार्ता के समापन की खबर दिए जाने के बाद यह गिरावट आई।

****

गन्नौर क्षेत्र के गांव खुबड़ू में आज सुबह सोनीपत अपराध शाखा और गन्नौर पुलिस की अपराध जांच एजेंसी की संयुक्त टीम के साथ हुई मुठभेड़ में गैंगस्टर गोपाल मारा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने एक सूचना के आधार पर आरोपी की गांव खूबड़ू के पास खेतों में घेरा बंदी की तो उसने पुलिस पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। मुठभेड़ के दौरान अपराध जांच एजेंसी के एक हवलदार देवेंद्र के हाथ में भी गोली लगी। उसे उपचार के लिए खानपुर के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक गांव अटायल निवासी गोपाल हत्या के दो मामलों में उम्रकैद की सजा भुगत रहा था। वह इसी वर्ष मार्च में पैरोल पर जेल से बाहर आया था, लेकिन पैरोल खत्म होने पर 30 मई को वापस जेल जाने के बजाय भूमिगत हो गया। इसके बाद उसने सोनीपत और पानीपत क्षेत्र में कई आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गोपाल पर हत्या, हत्या की कोशिश, दुष्कर्म और अन्य गंभीर अपराधों सहित करीब 25 आपराधिक मामले दर्ज थे।

****